# Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of November, 2018.

On 19.11.2018, a meeting of the High level Committee (HCL) was held under the Chairmanship of Hon'ble Home Minister for Central Assistance to States of Karnataka for Flood/Landslide-2018.

2. On 12.11.2018, agreement between the Republic of India and the Kingdom of Morocco on Mutual Legal Assistance in Criminal Matters was signed.

3. On 08.11.18, Union Home Secretary wrote letters to the Chief Secretary and Director General of Police, Chhattisgarh regarding call by the CPI (Maoist) for boycott of State Assembly Elections in Chhattisgarh.

4. On 19.11.18, Union Home Secretary wrote letters to Chief Secretary and Director General of Police, Chhattisgarh and Director Generals of (CRPF, SSB, ITBP, BSF & CISF) complimenting them for conduct of the first phase of State Assembly Elections successfully.

5. Meeting of Monitoring Committee to review the status of implementation of decisions taken under Agreed Text for Settlement signed between the Govt. of India, the State Govt. of Meghalaya and ANVC (Achik National Volunteer Council) & ANVC/B was held on 30.11.2018 at Shillong, Meghalaya under the Chairmanship of Chief Minister, Meghalaya.

6. On 19.11.2018, Union Home Secretary held a tripartite meeting at New Delhi with a delegation of Government of Assam, ABSU (All Bodo Students' Union) and PJACBM (People's Joint Action Committee for Boroland Movement). The delegation also met the Union Home Minister.

7. A Meeting of the Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) was held under the Chairmanship of Home Secretary on 19.11.2018 for Central Assistance to the States of Andhra Pradesh, Kerala and Nagaland for Flood/landslides and Cyclone "Titli" of 2018.

8. Vide Notification No. 5686(E) dated 13.11.2018, Meitei Extremist Groups of Manipur, namely, Peoples' Liberation Army (PLA), Revolutionary Peoples' Front (RPF), United National Liberation Front (UNLF), Manipur Peoples' Army (MPA), Peoples' Revolutionary Party of Kangleipak (PREPAK), Kangleipak Communist Party (KCP), Kanglei Yaol Kanba Lup (KYKL), Coordination Committee (CorCom) and Alliance for Socialist Unity Kangleipak (ASUK) have been declared as 'Unlawful Associations' under Section 3 (1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 from the date of publication of notification.

9. A meeting with delegation of Eastern Naga People's Organization (ENPO) and Government of Nagaland was held on 14.11.2018 at New Delhi under the Chairpersonship of Special Secretary (Internal Security), MHA to discuss demand of ENPO.

10. A total Number of 76 Coys of CAPFs were deployed in various States for maintaining law and order during Chehallum Festival, Dipawali, Goverdhan Pooja, Bhaiya Dooj, Kali Puja, Chhath Puja Kartik Purnima, Barawvfat, Manipur Sangal Festival, Mandala Makaravilakku Festival, Milad-Un-Nabi, Friday Prayer, Visit of VVIP, Election Duty, All India Kisan Sangharsh and Parliament Duty etc.

11. On the recommendations of Election Commission of India, 40 coys of CAPFs were deployed for Bye-Election in Karnataka State. Also, 2,265 coys of CAPFs were deployed for Assembly Election in Rajasthan, Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Mizoram and Telangana State. 15 CISF personnel were deployed on IS duty pattern at HSCL Office, Kolkata.

12. The total funds released under Border Area Development Programme (BADP) till the end of November works out to be Rs.637.98 crore, for the financial year 2018-19.

13. A handbook titled 'A Handbook for Adolescent/Students on Cyber Safety' has been published. The Handbook is for Adolescents/Students above 13 years of age and has been prepared to provide an overview of various cyber threats that can impact children and safeguards that can help in preventing cybercrimes. This handbook is meant to target young students and to enable them to understand the cyber world better and prepare themselves to be responsible cyber citizens of the future.

14. The President of India gave assent to 2 State Bills namely the Himachal Pradesh Early Childhood Care and Education Centers (Registration & Regulation) Bill, 2017 and the Tamil Nadu Vanniyakula Kshatriya Public Charitable Trusts and Endowments (Protection and Maintenance) Bill, 2018 during the month.

15. Sanction for prosecution for filing the charge sheet against 17 accused persons was accorded under the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 for terrorist and anti national activities.

16. Preparations towards Census 2021 are in progress. All necessary arrangements for conducting a pilot survey for testing Questionnaires for Census 2021 have been made.

****

## नवम्बर, 2018 माह में गृह मंत्रालय की प्रमुख उपलब्धियां, महत्वपूर्ण घटनाक्रम एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम

बाढ़/भूस्खलन-2018 के लिए कर्नाटक राज्य को केन्द्रीय सहायता प्रदान किए जाने के लिए माननीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 19.11.2018 को उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

2. दाण्डिक मामलों में परस्पर विधिक सहायता के बारे में भारत गणराज्य तथा किंगडम ऑफ मोरोक्को के बीच दिनांक 12.11.2018 को करार पर हस्ताक्षर किए गए।

3. छत्तीसगढ़ में राज्य विधान सभा चुनाव के बहिष्कार के लिए सीपीआई (माओवादी) द्वारा किए गए आह्वान के बारे में केन्द्रीय गृह सचिव ने दिनांक 08.11.2018 को मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ को पत्र लिखे।

4. प्रथम चरण के राज्य विधान सभा चुनावों को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए केन्द्रीय गृह सचिव ने दिनांक 19.11.2018 को मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ तथा महानिदेशक (सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, बीएसएफ और सीआईएसएफ) को बधाई देते हुए पत्र लिखे।

5. भारत सरकार, मेघालय राज्य सरकार तथा एएनवीसी (अचिक नेशनल वांलिटियर काउंसिल) एवं एएनवीसी/बी के बीच हस्ताक्षरित सहमति प्राप्त टेक्स्ट फॉर सेटलमेंट के अंतर्गत लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करने के लिए मॉनीटरिंग समिति की बैठक दिनांक 30.11.2018 को मेघालय के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शिलांग, मेघालय में आयोजित की गई।

6. केन्द्रीय गृह सचिव ने असम सरकार, एबीएसयू (ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन) और पीजेएसीबीएम (पीपल्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी फॉर बोरोलैंड मूवमेंट) के प्रतिनिधिमंडल के साथ दिनांक 19.11.2018 को नई दिल्ली में त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की। प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय गृह मंत्री से भी मुलाकात की।

7. वर्ष 2018 में बाढ़/भूस्खलन तथा "तितली" चक्रवात के लिए आंध्र प्रदेश, केरल और नागालैंड राज्यों को केन्द्रीय सहायता प्रदान किए जाने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की उप-समिति की बैठक गृह सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 19.11.2018 को आयोजित की गई।

8. दिनांक 13.11.2018 की अधिसूचना संख्या 5686 (अ) के तहत, मणिपुर के मैतेयी उग्रवादी समूहों अर्थात् पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए), रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आरपीएफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ), मणिपुर पीपल्स आर्मी (एमपीए), पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांग्लेइपाक (पीआरईपीएके), कांग्लेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), कांग्लेइ याओल

कान्बालुप (केवाईकेएल), कॉर्डिनेशन कमेटी (कॉरकॉम) तथा एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांग्लेइपाक (एएसयूके) को अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से विधिविरुद्ध कार्यकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 (1) के अंतर्गत 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया गया है।

9. ईस्टर्न नागा पीपल्स ऑर्गेनाइजेशन (ईएनपीओ) की मांग पर चर्चा करने के लिए ईस्टर्न नागा पीपल्स ऑर्गेनाइजेशन (ईएनपीओ) तथा नागालैंड सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ विशेष सचिव (आईएस) की अध्यक्षता में एक बैठक नई दिल्ली में दिनांक 14.11.2018 को आयोजित की गई।

10. चेहल्लुम उत्सव, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, काली पूजा, छठ पूजा, कार्तिक पूर्णिमा, बरावफट, मणिपुर सांगल उत्सव, मंडाला मकाराविलाकू उत्सव, मिलाद-उन-नबी, शुक्रवार की नमाज, अति विशिष्ट व्यक्तियों के दौरे, चुनाव ड्यूटी, अखिल भारतीय किसान संघर्ष तथा संसद ड्यूटी आदि के दौरान, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न राज्यों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 76 कंपनियां तैनात की गईं।

11. भारत निर्वाचन आयोग की सिफारिशों पर, कर्नाटक राज्य में उप-चुनाव के लिए केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 40 कंपनियां तैनात की गईं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, मिजोरम और तेलंगाना राज्य में विधान सभा चुनाव के लिए भी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 2265 कंपनियां तैनात की गईं। एचएससीएल कार्यालय, कोलकाता में आई एस ड्यूटी पैटर्न पर 15 सीआईएसएफ कार्मिक तैनात किए गए।

12. वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, नवम्बर के अंत तक सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बीएडीपी) के अंतर्गत कुल 637.98 करोड़ रुपए की निधियां जारी की गईं।

13. 'ए हैंडबुक फॉर एडोल्सेंट/स्टूडेंट्स ऑन साइबर सेफ्टी' नामक एक हैंडबुक प्रकाशित की गई है। यह हैंडबुक 13 वर्ष से अधिक की आयु के किशोर-किशोरियों/छात्र-छात्राओं के लिए तैयार की गई है जिसमें बच्चों को प्रभावित करने वाले विभिन्न साइबर खतरों और साइबर अपराधों की रोकथाम करने में मददगार सुरक्षा उपायों का उल्लेख किया गया है। यह हैंडबुक युवा छात्रों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है और इसका उद्देश्य उन्हें साइबर जगत को बेहतर ढंग से समझने तथा भविष्य में जिम्मेदार साइबर नागरिक बनने के लिए स्वयं को तैयार करने में समर्थ बनाना है।

14. भारत के राष्ट्रपति महोदय ने 2 राज्य विधेयकों अर्थात् हिमाचल प्रदेश आरम्भिक बाल्यावस्था परिचर्या और शिक्षा केन्द्र (पंजीकरण एवं विनियमन) विधेयक, 2017 तथा तमिलनाडु वन्नियाकूला क्षत्रिय पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट्स एंड इंडॉवमेंट्स (प्रोटेक्शन एंड मेंटेनेंस) विधेयक, 2018 को इस माह के दौरान सहमति प्रदान की।

15. आतंकवादी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) 1967 के अंतर्गत 17 अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए अभियोजन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

16. **जनगणना**, 2021 के लिए तैयारियां की जा रही हैं। जनगणना, 2021 के लिए प्रश्नावली की जांच करने हेतु एक पायलट सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम कर लिए गए हैं।

* * * * *